भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

सं.16/12/2023-प्रशा./ई.कार्यालय संख्या 149407

दिनांक: 24/03/2025

सेवा में,

निदेशक/ प्रभारी निदेशक,
परिषद के सभी संस्थान/केंद्र

विषय: अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु निमंत्रण-नियमित।

महोदय/महोदया,

यह पत्र परिषद के दिनांक 19.02.2025 के समसंख्यक पत्र के अनुक्रम में है, जिसके माध्यम से परिषद मुख्यालय/संस्थानों/केंद्रों में कार्यरत इच्छुक आईसीएमआर के नियमित वैज्ञानिक/प्रशासनिक कर्मचारी/तकनीकी कर्मचारियों को परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में केंद्रीय खरीद प्रकोष्ठ (सीपीसी) में स्थानांतरण/तैनाती के लिए निमंत्रित किया गया था (प्रतिलिपि संलग्न)। ईओआई प्राप्त करने की अंतिम तारीख 15.03.2025 तक थी।

कार्यालयीन कार्य के हित में तथा आवेदकों को अधिक समय देने के लिए अब अंतिम तारीख 07.04.2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इच्छुक कर्मचारी अपना आवेदन उचित माध्यम से ईमेल आईडी icmrcpc@gmail.com पर भेज सकते हैं।

भवदीय

जगदीश राजेश
सहायक महानिदेशक (प्रशासन)

संलग्न: उपरोक्तानुसार

**प्रतिलिपिः**

1. परिषद के महानिदेशक/वरिष्ठ उपमहानिदेशक(प्रशा.)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार के निजी सचिव
2. सभी प्रभाग प्रमुख
3. उपमहानिदेशक(प्रशा.)/ सहायक महानिदेशक(प्रशा) - दोनों
4. डॉ. एम.एस. चाल्गा, वैज्ञानिक-डी. - से अनुरोध है कि इसे परिषद मुख्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।

**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति**

कार्यालयीन कार्य के हित में तथा आवेदकों को अधिक समय देने के लिए अब अंतिम तारीख को 07.04.2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। परिषद मुख्यालय के संस्थानों तथा परिषद मुख्यालय में कार्यरत वैज्ञानिक/तकनीकी अधिकारियों/अनुभाग अधिकारियों/सहायकों/ प्रवर श्रेणी लिपिकों (यूडीसी) से परिषद मुख्यालय में केंद्रीय खरीद प्रकोष्ठ (सीपीसी) में स्थानांतरण/पदस्थापन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति निमंत्रित की जाती है। सीपीसी परिषद मुख्यालय और देश भर में इसके 27 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय संस्थानों/केंद्रों के लिए वस्तुओं (उपकरणों) और सेवाओं की खरीद के लिए जिम्मेदार है, जो संस्थान/केंद्र के प्रमुख/निदेशक की प्रत्यायोजित वित्तीय शक्ति से परे है। इस संबंध में, परिषद मुख्यालय जैव चिकित्सा अनुसंधान के नियमन समन्वय और प्रोत्साहन के लिए देश का एक शीर्ष अनुसंधान निकाय है और उभरने वाली किसी भी महामारी पर ध्यान देने के साथ, महामारी को नियंत्रित करने और साथ ही उन्नत अनुसंधान करने में आईसीएमआर की जिम्मेदारी की भूमिका काफी बढ़ गई है और राष्ट्र के लिए नीतिगत निहितार्थ के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। इस प्रकार, परिषद संस्थागत नेटवर्क के भीतर उन्नत जैव चिकित्सा अनुसंधान करने के लिए, उच्च स्तरीय उपकरणों सहित अनुसंधान का बुनियादी ढांचा होना अत्यंत आवश्यक है। इस महत्वपूर्ण मोड़ पर, सीपीसी अनुसंधान के गतिविधियों को समर्थन देने के लिए आवश्यक उपकरण (सामान) / आवश्यक आपूर्ति जैसे अभिकर्मक और सेवाएं समय पर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किसी संगठन की सार्वजनिक खरीद प्रणाली में न केवल सभी खरीद नियमों और विनियमों का अनुपालन अपेक्षित होता है, बल्कि इसमें तकनीकी विशेषज्ञता और योग्यता की भी आवश्यकता होती है, जिसमें खरीद के लिए सही प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता वाले उत्पाद का निर्धारण करने में वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों की भूमिका और योगदान बहुत महत्वपूर्ण होता है।

उपर्युक्त पृष्ठभूमि के साथ, परिषद मुख्यालय और इसके संस्थान/केंद्र में कार्यरत इच्छुक और पात्र वैज्ञानिकों/तकनीकी अधिकारियों/प्रशासनिक अधिकारियों से संलग्न प्रारूप के अनुसार आवेदन निमंत्रित किए जाते हैं, आवेदन इस ईओआई अधिसूचना के जारी होने की तारीख से तीन सप्ताह के भीतर उचित माध्यम से प्रस्तुत किएं जाने चाहिएं। आवेदन सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करके ई-मेल आईडी: cpc-hq@icmr.gov.in पर प्रस्तुत किए जाएं।

अपेक्षित पदों का विवरण निम्नानुसार है:

**1. वैज्ञानिक (गैर-चिकित्सा): 01**

| विषयक्षेत्र: वांछनीय | स्तर |
|---|---|
| सूक्ष्मजीवविज्ञान/जैव रसायन/ जैव प्रौद्योगिकी/ जैव चिकित्सा विज्ञान/ जीवविज्ञान/ आणविक जीवविज्ञान/ औषध विज्ञान / जीवविज्ञान/जैव विज्ञान/ चिकित्सा आनुवंशिकी/ प्रतिरक्षाविज्ञान / प्राणि विज्ञान | वैज्ञानिक बी या सी |

2. तकनीकी कर्मचारी: 02

| विषयक्षेत्र: वांछनीय | स्तर |
|---|---|
| सूक्ष्मजीवविज्ञान/ जैव रसायन/जैव प्रौद्योगिकी/ जैव चिकित्सा विज्ञान/ जीवविज्ञान/ आणविक जीवविज्ञान/ फार्माकोलॉजी/ जीवविज्ञान/जैव विज्ञान/ चिकित्सा आनुवंशिकी/ प्रतिरक्षाविज्ञान / प्राणि विज्ञान | तकनीकी अधिकारी बी या सी, तकनीकी सहायक |

3. अनुभाग अधिकारी: 01

| विषयक्षेत्र: वांछनीय | स्तर |
|---|---|
| किसी भी विषय में स्नातक तथा अनुभाग अधिकारी के रूप में 2-3 वर्ष का अनुभव। सार्वजनिक खरीद में प्रशासनिक और वित्तीय ज्ञान रखने वाले अधिकारी को वरीयता दी जाएगी, जो जीएफआर दिशा-निर्देशों से अच्छी तरह परिचित हो। | अनुभाग अधिकारी |

4. सहायक: 01

| विषयक्षेत्र: वांछनीय | स्तर |
|---|---|
| किसी भी विषय में स्नातक तथा सहायक के रूप में 3-5 वर्ष का अनुभव।<br>सार्वजनिक खरीद में प्रशासनिक और वित्तीय ज्ञान रखने वाले अधिकारी को वरीयता दी जाएगी। | सहायक |

5. प्रवर श्रेणी लिपिकः 01

| विषयक्षेत्र: वांछनीय | स्तर |
|---|---|
| किसी भी विषय में स्नातक तथा प्रवर श्रेणी लिपिक के रूप में 2-3 वर्ष का अनुभव। पीएफएमएस तथा लेखा पृष्ठभूमि का ज्ञान रखने वाले अधिकारी को वरीयता दी जाएगी। | प्रवर श्रेणी लिपिक |

## आवेदन पत्र का प्रारूप

**केंद्रीय खरीद प्रकोष्ठ, आईसीएमआर मुख्यालय, नई दिल्ली में स्थानांतरण हेतु इच्छुक कर्मचारी**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम (सुस्पष्ट अक्षरों में)<br>विशेषता के साथ (प्रोफेसर/डॉक्टर/श्री/सुश्री) | |
| 2. | वर्तमान पदनाम एवं स्तर | |
| 3. | जन्म तिथि | |
| 4. | वर्तमान संस्थान/केन्द्र/प्रभाग | |
| 5. | आईसीएमआर की सेवा ग्रहण करने की तारीख | |
| 6. | वर्तमान पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तारीख | |
| 7. | शैक्षणिक योग्यता<br>(केवल विश्वविद्यालय की डिग्री) | |
| 8. | कार्य का अनुभव | |
| 9. | इस स्थानांतरण में आपकी अभिरुचि और आप इसके लिए क्यों उपयुक्त हैं, इस पर 200 शब्दों में लेख लिखें? | कृपया अनुलग्नक के रूप में संलग्न करें |
| 10. | कार्य क्षेत्र में प्रकाशन/उपलब्धि, यदि कोई हो। | कृपया अनुलग्नक के रूप में संलग्न करें |
| 11. | कोई अन्य जानकारी जो आप प्रदान करना चाहते हैं: | कृपया अनुलग्नक के रूप में संलग्न करें |
| 12. | निदेशक की अनुशंसा/टिप्पणी | |

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**दिनांक:**